प्रादेशिक समाचार
दिनांक–22.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दिया इस्तीफा, स्वास्थ्य कारणों का दिया हवाला, दो साल 20 दिन बचा था कार्यकाल।
2. राज्य सरकार आज 126 नवनियुक्त चिकित्सकों को सौंपेगी नियुक्ति पत्र, स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी समारोह में होंगे शामिल।
3. राज्य का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल रिम्स भी मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना से जुड़ा, रिम्स में इलाज कराने वाले पात्र मरीजों को मिलेगा सीधा लाभ।
4. मौसम विभाग ने आज और कल राज्य में हल्की बारिश की जतायी संभावना, 24 और 25 को भारी बारिश के आसार, औरेंज अलर्ट जारी।
5. रांची के जेएससीए स्टेडियम में शुरु हुआ क्रिकेटरों का फिटनेस कैंप, टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धौनी ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला।

***************

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को लिखे पत्र में श्री धनखड़ ने कहा कि स्वास्थ्य प्राथमिकता और चिकित्सा परामर्श का पालन करते हुए उन्होंने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। श्री धनखड़ ने अपने कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति के निरंतर सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मंत्रिपरिषद के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त की।

***************

राज्य सरकार संविदा पर 126 चिकित्सकों को आज नियुक्ति पत्र सौंपेगी। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्यालय आदेश जारी कर दिया गया है। इसके लिए रांची स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान नामकुम सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी और विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह शामिल होंगे और नवनियुक्त चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

***************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने रांची स्थित कांग्रेस भवन में जनता दरबार लगाया। इसमें उन्होंने आम जनों की समस्याएं सुनीं और तत्काल संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। बाद में पत्रकारों से बातचीत में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जनता दरबार में रांची, गुमला, धनबाद, पलामू, चतरा, गिरिडीह, हजारीबाग, खूंटी सहित राज्य के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। उन्होंने कहा कि जनता दरबार का लाभ आम लोगों को मिल रहा है।

***************

सावन की दूसरी सोमवारी पर देवघर के बाबाधाम में करीब तीन लाख कांवरियों ने जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए कल रात के 11 बजे तक मंदिर के पट खुले रहे। जिले के उपायुक्त नमन प्रियेस लकड़ा ने कहा कि श्रद्दालुओं ने शांतिपूर्ण तरीके से जलार्पण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गयी प्रशासनिक व्यवस्था की जानकारी दी।

***************

राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के पैनल में औपचारिक रूप से शामिल कर लिया गया है। इस कदम से रिम्स में इलाज कराने वाले पात्र मरीजों को योजना का सीधा लाभ मिलेगा। वहीं, संस्थान में कार्यरत डॉक्टरों, अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके आश्रितों को भी इस योजना का सुरक्षा कवच मिलेगा। इस सिलसिले में रिम्स और टाटा एआईजी के बीच एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।

***************

झारखंड हाईकोर्ट के नवनियुक्त चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान आज रांची आएंगे। रांची के भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर झारखंड हाईकोर्ट के अधिकारी उनकी अगवानी करेंगे। कल राजभवन में वे पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे। राज्यपाल संतोष गंगवार उन्हें शपथ दिलाएंगे।

***************

संसद के मानसून सत्र के दूसरे दिन आज लोकसभा और राज्यसभा में कई विधायी कार्य निपटाये जायेंगे। इससे पहले मानसून सत्र के पहले दिन कल विपक्षी दलों ने पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर तत्काल चर्चा की मांग के साथ–साथ विभिन्न मुद्दों पर कई बार हंगामा किया। हमारे संवाददाता ने बताया है कि विपक्षी सांसदों ने इन मुद्दों पर चर्चा की मांग को लेकर लगातार नारेबाजी की।

***************

लोहरदगा जिले में सशक्त पंचायत–नेत्री अभियान की सफलता के लिए कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

***************

और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–

- नेशनल टेस्टिंग एजेंसी–एनटीए की ओर से यूजीसी नेट जून 2025 का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। विद्यार्थी अपने परिणाम ऑफिशियल वेबसाइट यूजीसीनेट डॉट एनटीए डॉट एसी डॉट इन पर देख सकते हैं।
- तमाड़–खूंटी मुख्य मार्ग पर कल रात कार और ट्रक के अलावा एक अन्य की भिड़ंत में चार बच्चे समेत छह लोग घायल हो गए। इनमें दो महिलाओं की हालत गंभीर बताई जा रही है।

***************

मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के कई इलाकों में हल्की या मध्यम दर्जे की बारिश के साथ वज्रपात की संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने से 24 और 25 जुलाई को राज्य के कई इलाकों में भारी बारिश हो सकती है। इसे देखते हुए कई जिलों के लिए औरेंज अलर्ट जारी किया है।

***************

रांची स्थित जेएससीए स्टेडियम में महिला सीनियर, महिला अंडर 19 और पुरुष अंडर 19 क्रिकेटरों का फिटनेस कैंप शुरु हो गया है। पहले दिन टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धौनी भी स्टेडियम पहुंचे और क्रिकेटरों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने खिलाड़ियों को फिट रहने के टिप्स भी दिये। मौके पर जेएससीए के सचिव सौरभ तिवारी और उपाध्यक्ष संजय पांडेय तथा खेल से जुड़े कई लोग मौजूद थे।

***************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– टीएसी ने भी की थी जनजातीय भूमि परफार्मेंस ऑडिट रोकने की अनुशंसा।

प्रभात खबर के शब्द हैं– अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर में नहीं रहेगा बैलेंस, तो 25 से कट जायेगी बिजली।

हिन्दुस्तान लिखता है– रांची की छात्रा ने उतराखंड के मेडिकल कॉलेज में दी जान।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– झारखंड में अब खनन पर्यटन।

************